**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 241**

**मंगलवार, 04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**एक जिला एक उत्पाद की पहल**

**241. श्री एस. जगतरक्षकनः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश के सभी राज्यों में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल के अंतर्गत, इस योजना के आरंभ होने के बाद से चिह्नित जिलों की तमिलनाडु सहित राज्यवार और वर्षवार कुल संख्या कितनी है;

(ख) ओडीओपी पहल के अंतर्गत योजना के आरंभ होने के बाद से सरकार द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता का राज्यवार और वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास राज्यों में निर्यात वृद्धि और रोजगार सृजन सहित इस योजना के उल्लेखनीय प्रभाव पड़ने संबंधी आंकड़े हैं, यदि हां, तो विशेष रूप से तमिलनाडु के संबंध में तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(घ) ओडीओपी पहल के कार्यान्वयन में तमिलनाडु सहित राज्यों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) :** देश भर के 782 जिलों के उत्पादों को ओडीओपी पहल के अन्तर्गत शामिल किया गया है। ओडीओपी उत्पादों में विभिन्न क्षेत्रों जैसे वस्त्र, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प आदि के उत्पाद शामिल हैं। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) में इसके आरंभ से लेकर अब तक शामिल किए गए जिलों की वर्ष-वार संख्या निम्नानुसार है:

| वित्त वर्ष | शामिल किए गए नए जिले | शामिल किए गए कुल जिले |
|---|---|---|
| वित्त वर्ष 2020-21 | 103 | 103 |
| वित्त वर्ष 2021-22 | 647 | 750 |
| वित्त वर्ष 2022-23 | 10 | 760 |
| वित्त वर्ष 2023-24 | 22 | 782 |

19 दिसंबर 2024 तक ओडीओपी पहल के अन्तर्गत पहचाने गए अद्वितीय उत्पादों (जिला और राज्यवार, तमिलनाडु सहित) का विवरण डीपीआईआईटी की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है:
https://dpiit.gov.in/sites/default/files/odop_product_list_december.pdf

**(ख) :** ओडीओपी एक पहल है; अतः, इसके लिए वित्तीय सहायता का कोई प्रावधान नहीं है।

**(ग) :** डीपीआईआईटी के पास ऐसा कोई डाटा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, भारत सरकार ने विभिन्न जिलों में ओडीओपी उत्पादों सहित निर्यात कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अन्तर्गत 'निर्यात केंद्र के रूप में जिला' (डीईएच) पहल शुरू की है। तमिलनाडु में, संभावित निर्यात उत्पादों और सेवाओं वाले 38 जिलों की पहचान की गई है (अनुबंध-I देखें) और इनमें से 20 जिलों के लिए जिला निर्यात कार्य योजना (डीईएपी) तैयार की गई है (अनुबंध-II देखें)।

**(घ) :** ओडीओपी पहल के कार्यान्वयन में तमिलनाडु सहित राज्यों के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं, जो निम्नानुसार हैं:

1. **जेम ऑनबोर्डिंग:** ओडीओपी के लिए सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जेम) पर एक समर्पित स्टोरफ्रंट बनाया गया है। स्टोरफ्रंट का उद्देश्य विभिन्न संबंधित मंत्रालयों, सरकारी निकायों और विदेशी मिशनों द्वारा उपहार/कार्यालय उपयोग के लिए ओडीओपी उत्पादों की सीधी खरीद को सक्षम करना है। वर्तमान में मार्केटप्लेस पर 500 से अधिक ओडीओपी श्रेणियां उपलब्ध हैं, जिनमें तमिलनाडु की 38 उत्पाद श्रेणियां शामिल हैं।

2. **राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्पाद को प्रदर्शित करना:** तमिलनाडु राज्य के ओडीओपी उत्पादों सहित अन्य ओडीओपी उत्पादों को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं प्रदर्शनियों में प्रदर्शित किया गया।

3. **बाजार तक पहुंच और प्रचार-प्रसार:** तमिलनाडु के उत्पादों सहित क्षेत्रीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए भारतीय मिशनों, दूतावासों और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) कॉर्नर की स्थापना करना। इसके अतिरिक्त, ओडीओपी उत्पादों की पहुंच बढ़ाने के लिए जेम, ओएनडीसी, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट और अन्य ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी करना।

4. **कौशल विकास और क्षमता निर्माण:** कारीगरों और उद्यमियों को कौशल प्रदान करने के लिए एनआईडी, निफ्ट और एनपीओपी के सहयोग से प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम आयोजित करना। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा 14 नवंबर 2024 को मदुरै निर्यात शिखर सम्मेलन में निर्यात प्रक्रियाओं पर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी।

*****

अनुबंध-I

**दिनांक 04.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 241 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**डीईएच के अंतर्गत चिन्हित जिलों और उत्पादों/सेवाओं की सूची**

| क्रम सं. | जिला | चिन्हित उत्पाद और सेवाएं |
|---|---|---|
| 1 | **अरियलूर** | रेडीमेड वस्त्र, कॉरुगेटेड शीट्स और बॉक्स, काजू |
| 2 | **चेंगलपट्टू** | चमड़े की वस्तुएं, झींगा, ऑटोमोबाइल उत्पाद, ग्रेनाइट |
| 3 | **चेन्नई** | जैव प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, आभूषण उत्पाद, परिधान, सॉफ्टवेयर सर्विसेज |
| 4 | **कोयंबटूर (पोल्लाची)** | ऑटोमोबाइल और इंजीनियरिंग उत्पाद, मुर्गीपालन उत्पाद, नारियल और कॉयर उत्पाद, कोवई कोरा कॉटन साड़ियां, कोयंबटूर वेट ग्राइंडर |
| 5 | **कुड्डालोर** | रासायन, समुद्री उत्पाद, काजू बादाम |
| 6 | **धर्मपुरी** | ऑटो घटक, इंजीनियरिंग, बागवानी, कृषि उत्पाद, प्लास्टिक |
| 7 | **डिंडीगुल** | ईस्ट इंडिया चमड़े के, डिंडीगुल ताले, सिरुमलाई पहाड़ी केला, विरुपाक्षी पहाड़ी केला, कोडाइकनाल मलाई पुन्डू |
| 8 | **इरोड** | हथकरघा और पावरलूम उत्पाद, एग पाउडर, मोटर वाहन के पुर्जे, टैपिओका और स्टार्च, इरोड मंजल (इरोड हल्दी) |
| 9 | **कल्लाकुरिची** | चावल, साबूदाना, हल्दी, गुड़ पाउडर, कैटल फीड |
| 10 | **कांचीपुरम** | इंजीनियरिंग और ऑटो घटक, सॉफ्टवेयर, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन, कांचीपुरम रेशम |
| 11 | **कन्याकुमारी** | काजू, फिश नेट, सी शेल, नागरकोइल का मंदिर आभूषण, ईथोमोज़ी टॉल कोकोनट |
| 12 | **करूर** | घरेलू वस्त्र, एचडीपीई उत्पाद, रत्न |
| 13 | **कृष्णागिरी** | खाद्य प्रसंस्करण, कट फ्लावर, हीरे के आभूषण |
| 14 | **मदुरै** | मदुरै सुंगुडी, मदुरै मल्लि, ग्रेनाइट |
| 15 | **मयिलाडुतुरै** | नारियल, मैंगो पल्प, कॉयर |
| 16 | **नागपट्टिनम** | खाद्य प्रसंस्करण, कॉयर, कृत्रिम आभूषण |
| 17 | **नमक्कल** | मुर्गीपालन उत्पाद, कपास के धागे और वस्त्र, ग्रेनाइट |
| 18 | **पेरम्बलुर** | कृषि उत्पाद, काजू |
| 19 | **पुदुक्कोट्टई** | खाद्य प्रसंस्करण, कॉयर, काजू, ग्रेनाइट |
| 20 | **रामनाथपुरम** | सूखी मछली |
| 21 | **रानीपेट** | चमड़े के उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल घटक |
| 22 | **सलेम** | सलेम वेनपट्टू, इंजीनियरिंग, खाद्य प्रसंस्करण, हीरे के आभूषण, मुर्गीपालन उत्पाद |
| 23 | **शिवगंगा** | घेरजुब्स (मिनिएचर कुकुम्बर), चेट्टूबाद जित्ताब |
| 24 | **तेनकासी** | कॉयर पीथ ब्लॉक |
| 25 | **तंजावुर** | तंजावुर पेंटिंग्स, तंजावुर आर्ट प्लेट, तंजावुर डॉल, तंजावुर वीनाई, तंजावुर पिथ वर्क्स, कॉयर, सिल्क, पीतल के उत्पाद |
| 26 | **थेनी** | केला, मसाले, मेड अप्स |
| 27 | **नीलगिरी** | बागवानी फसलें, चाय, फ्लारीकल्चर उत्पाद |
| 28 | **तिरुवल्लूर** | वस्त्र, इंजीनियरिंग, रसायन |
| 29 | **तिरुवरुर** | कॉयर उद्योग, कृषि उत्पाद, समुद्री उत्पाद |

| | | |
|---|---|---|
| 30 | **तिरुचिरापल्ली** | कृषि खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा उपकरण, कृत्रिम आभूषण, विंडमिल के घटक, केला |
| 31 | **तिरुनेलवेली** | तिरूनेलवेली हलवा, पट्टामदाई पाई, रेडीमेड गारमेन्ट |
| 32 | **तिरुपथुर** | चमड़े के उत्पाद, कॉयर उत्पाद, चंदन उत्पाद |
| 33 | **तिरुपूर** | होज़री वस्त्र और परिधान |
| 34 | **तिरुवन्नामलाई** | रेशम, विनिर्मित उत्पाद, ऑटोमोबाइल उत्पाद, खाद्य तेल |
| 35 | थूथूकोडि **(तूतीकोरिन)** | समुद्री उत्पाद |
| 36 | **वेल्लोर** | चमड़ा उद्योग, रेडीमेड वस्त्र, रसायन |
| 37 | **विलुप्पुरम** | कृषि उत्पाद, समुद्री उत्पाद |
| 38 | **विरुधुनगर** | मसाले, धागा, कॉयर पीथ, पटाखे, मुद्रित पुस्तकें |

*****

**दिनांक 04.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 241 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**तमिलनाडु के सभी जिलों की डीईपीसी बैठकें और ज़िला निर्यात कार्य योजनाओं का विवरण**

| जिला | चिह्नित उत्पाद/सेवाएं | ज़िला निर्यात कार्य योजना का विवरण |
|---|---|---|
| **अरियालुर** | रेडीमेड वस्त्र, कॉरूगेटेड शीट्स और बॉक्स, मक्का, ड्रमस्टिक, मोरिंगा की पत्ती के उत्पाद | तैयार |
| **चेंगलपट्टू** | सॉफ्टवेयर निर्यात, झींगा, इंजीनियरिंग – ऑटोमोबाइल घटक, ग्रेनाइट, मामल्लापुरम पत्थर की मूर्तियाँ, पर्यटन – सांस्कृतिक और विरासत, फार्मास्यूटिकल उत्पाद, वनस्पति तेल, गैर –बासमती चावल, तरबूज, आम और मैंगोपल्प, मिर्च | तैयार |
| **चेन्नई** | जैव प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, आभूषण उत्पाद, परिधान, सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर सेवाएं, टीकों का जैव-प्रौद्योगिकी आधारित निदान उत्पादन, इंजीनियरिंग – ऑटोमोबाइल घटक, स्टेविया (प्राकृतिक स्वीटनर), मिलेट, आयुर्वेद के लिए उपयोग किए जाने वाले हर्बल घटक, जैविक उत्पाद | तैयार |
| **कोयंबटूर** | इंजीनियरिंग उत्पाद जैसे मोटर और पंप, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग घटक, आयरन कास्टिंग, एल्युमीनियम कास्टिंग, वेट ग्राइंडर और घरेलू उपकरण, वस्त्र, मुर्गी पालन उत्पाद, नारियल और कॉयर उत्पाद, कोवई कोरा सूती साड़ियां | तैयार किया जाना है |
| **कुड्डालोर** | रसायन, समुद्री, कृषि और प्रोसेस्ड खाद्य उत्पाद – काजू, कटहल, गैर-बासमती चावल, सेरेमिक्स, हांडी शिल्प खिलौने, औद्योगिक रसायन | तैयार |
| **धर्मपुरी** | ऑटो घटक, इंजीनियरिंग, बागवानी, प्लास्टिक, साबूदाना/टोपिआको, आम और मैंगो पल्प, स्किम्ड मिल्क पाउडर, हरी मिर्च, टोमैटो पल्प, मिलेट (मक्का उत्पादों को छोड़कर) | तैयार |
| **डिंडीगुल** | कपड़ा, डिंडीगुल ताले, सिरुमलाई पहाड़ी केला | तैयार किया जाना है |
| **इरोड** | हथकरघा और पावरलूम उत्पाद, प्रोसेस्ड फैब्रिक, एग पाउडर, मोटर वाहन के पुर्जे, कृषि उत्पाद जैसे टैपिओका और स्टार्च, पॉल्ट्री उत्पाद और अंडा, इरोड मंजल (हल्दी) | तैयार किया जाना है |
| **कल्लाकुरिची** | खाद्य उत्पाद – चावल, साबूदाना, हल्दी, इमली, अमरूद, तरबूज, काजू, गुड़ पाउडर, मवेशियों का चारा – ब्रिकेट, खाद्य तेल- मूंगफली, तिल का तेल | तैयार |
| **कांचीपुरम** | इंजीनियरिंग और ऑटो घटक, रेशम की बुनाई, वस्त्र, परिधान, सॉफ्टवेयर, खाद्य प्रसंस्करण, पर्यटन – विरासत और चिकित्सा, कांचीपुरम रेशम, गैर- बासमती चावल, तरबूज, आम और मैंगो पल्प, मिर्च | तैयार |

| | | |
|---|---|---|
| **कन्याकुमारी** | काजू, मछली के जाल, समुद्री शंख, नागरकोइल के मंदिर के आभूषण, अर्थोमोझी टॉल कोकोनट | तैयार किया जाना है |
| **करूर** | घरेलू वस्त्र जैसे बेडशीट, प्लेसमैट्स, टेबल रनर, पर्दे, आदि। एचडीपीई उत्पाद, रत्न जैसे रूबी और बेरिल | तैयार किया जाना है |
| **कृष्णागिरी** | इंजीनियरिंग, खाद्य प्रसंस्करण (मैंगो पल्प), कट फ्लावर, हीरे के आभूषण | तैयार |
| **मदुरै** | हथकरघा, ग्रेनाइट उत्पाद, रेडीमेड वस्त्र, मदुरै सुंगुडी, मदुरै मल्लि (चमेली) | तैयार किया जाना है |
| **मयिलाडुतुरै** | कृषि खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री खाद्य प्रसंस्करण, कॉयर, गैर –बासमती चावल, नारियल उत्पाद, मिलेट और मक्का, मैंगो पल्प | तैयार किया जाना है |
| **नागपट्टिनम** | मुर्गीपालन उत्पाद जैसे हैचिंग एग्स, पैरेंट एग्स, ब्रॉयलर चिकेन्स, टेबल एग्स आदि, रॉ ग्रेनाइट, यार्न, सूती फैब्रिक, तौलिए, बेड स्प्रेड और रिग्स | तैयार |
| **नमक्कल** | मुर्गीपालन उत्पाद जैसे हैचिंग एग्स, पैरेंट एग्स, ब्रॉयलर चिकेन्स, टेबल एग्स आदि, रॉ ग्रेनाइट, यार्न, सूती फैब्रिक, तौलिए, बेड स्प्रेड और रिग्स | तैयार किया जाना है |
| **पेरम्बलूर** | समुद्री खाद्य उत्पाद, ग्रेनाइट, कॉयर, इंजीनियरिंग ऑटो मोबाइल घटक, काजू, मूंगफली | तैयार |
| **पुदुक्कोट्टई** | सूखी मछली | तैयार |
| **रामनाथपुरम** | सूखी मछली | तैयार किया जाना है |
| **रानीपेट** | इंजीनियरिंग, खाद्य प्रसंस्करण (मैंगो पल्प), कट फ्लावर, हीरे के आभूषण, पोल्ट्री उत्पाद और अंडे, सलेम कपड़ा, सलेम सिल्क जिसे सेलम वेनपट्टू के नाम से जाना जाता है | तैयार |
| **सलेम** | इंजीनियरिंग, खाद्य प्रसंस्करण (मैंगो पल्प), कट फ्लावर, हीरे के आभूषण, पोल्ट्री उत्पाद और अंडे, सलेम फैब्रिक, सलेम वेनपट्टू (रेशम) | तैयार किया जाना है |
| **सिवगंगा** | हस्तशिल्प | तैयार किया जाना है |
| **तेनकासी** | कॉयर पीथ ब्लॉक | तैयार किया जाना है |
| **तंजावुर** | कृषि खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री खाद्य प्रसंस्करण, कॉयर, गैर–बासमती चावल, नारियल उत्पाद, मिलेट और मक्का, मैंगो पल्प | तैयार |

| | | |
|---|---|---|
| **नीलगिरी** | बागवानी फसलें जैसे आलू, गोभी, गाजर, चाय, कॉफी, अदरक, फल, टिम्बर, यूकेलिप्टस तेल, लहसुन और काली मिर्च, फूलों के उत्पाद, होममेड चॉकलेट, ऊटी वर्की, नीलगिरि लोगो | तैयार किया जाना है |
| **थेनी** | केला, मसाले, मेड अप्स | तैयार किया जाना है |
| **तिरुवल्लुर** | रेडीमेड गारमेन्ट, हथकरघा उत्पाद, इंजीनियरिंग- उपकरण और ऑटोमोबाइल घटक,<br><br>रासायनिक उत्पाद - औद्योगिक<br>पॉलिमर, बल्क कंटेनर, गैर - बासमती चावल, वनस्पति तेल, धाल उत्पाद | तैयार |
| **थिरुवरुर** | कॉयर उद्योग, समुद्री उत्पाद, गैर बासमती चावल, अनियन पाउडर, जैविक सब्जियां, राइस ब्रान तेल | तैयार |
| **थूथूकोडि** | कृषि खाद्य प्रसंस्करण, हैवी इलेक्ट्रिकल्स और इंजीनियरिंग, कृत्रिम आभूषण, रेडीमेड गारमेन्ट, सॉफ्टवेयर, केला, केले के उत्पाद, | तैयार किया जाना है |
| **तिरुचिरापल्ली** | यार्न, तिरूनेलवेली हलवा, पट्टामदाई पाई | तैयार |
| **तिरुनेलवेली** | यार्न, तिरुनेलवेली हलवा, पट्टामदाई पाई | तैयार किया जाना है |
| **तिरुपथुर** | होजरी गारमेंट्स और परिधान | तैयार |
| **तिरुपूर** | होजरी गारमेंट्स और परिधान | तैयार किया जाना है |
| **तिरुवन्नामलाई** | समुद्री उत्पाद | तैयार |
| **वेल्लोर** | चमड़ा उद्योग, रेडीमेड वस्त्र, औद्योगिक रसायन, खाद्य तेल - मूंगफली, मैंगो पल्प, डेयरी उत्पाद, एलामवम्बाडी बैंगन, ओडुंगथुर अमरूद | तैयार |
| **विलुप्पुरम** | समुद्री उत्पाद, खाद्य तेल- मूंगफली और तिल का तेल, इमली, अमरूद, तरबूज, काजू | तैयार |
| **विरुधुनगर** | मसाले, धागा, कॉयर पीथ, पटाखे, माचिस, मुद्रित पुस्तकें, ग्रे क्लॉथ, गॉज क्लॉथ | तैयार किया जाना है |

*****